# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–21.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा–समान नागरिक संहिता, यूनिफॉर्म सिविल कोड के दायरे से आदिवासी समाज को बाहर रखा जाएगा।**

2. **सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के बीस हजार जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने के निर्देश को रखा कायम, राज्य सरकार की पुनर्विचार याचिका खारिज की।**

3. **कर्मचारी भविष्य निधि संगठन उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए संथाली समेत 23 भाषाओं में शुरू करेगा कॉल सेंटर, चौबीस घंटे मिलेगी सुविधा।**

4. **सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में राजस्थान के भरतपुर से दो मेडिकल छात्र समेत तीन लोगों को किया गिरफ्तार।**
 **और**

5. **मौसम विभाग ने रांची, गुमला, रामगढ़ और खूंटी समेत कोल्हान के इलाकों में कल और परसों भारी बारिश होने की जताई आशंका, येलो अलर्ट जारी**

*******************

केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा है कि समान नागरिक संहिता, यूनिफॉर्म सिविल कोड के दायरे से आदिवासी समाज को बाहर रखा जाएगा। श्री शाह ने कहा कि आदिवासी समाज की भाषा, संस्कृति और परंपरा बिलकुल अलग है और समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद भी ये संरक्षित रहेगी। केंद्रीय गृह मंत्री कल रांची में भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ बैठक कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र को जन आंदोलन का रूप देने के निर्देश दिए। इससे पहले रांची के प्रभात तारा मैदान में एक जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री ने हेमंत सरकार पर सबसे भ्रष्ट होने का आरोप लगाया।

श्री शाह ने कहा कि झारखण्ड में लगातार आदिवासियों की संख्या घट रही है, जो चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में अगर भाजपा की सरकार बनी तो आदिवासी जमीन को बचाने के लिए श्वेत पत्र लाया जाएगा। गृहमंत्री ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव ने यह साफ कर दिया है कि झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेजबानी भारत को मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा है कि भारत पहली बार समिति की अध्यक्षता कर रहा है और वे आज शाम के कार्यक्रम के प्रति उत्सुक हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह बैठक देश की विरासत के संरक्षण के लिए वैचारिक आदान–प्रदान का महत्वपूर्ण मंच है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देवघर में होने वाले श्रावणी मेले के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अगर इसमें लापरवाही बरती गयी तो जिम्मेदार अधिकारियों पर सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। श्री सोरेन कल देवघर में उच्चस्तरीय बैठक के दौरान श्रावणी मेले की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूरे सावन महीने में दुम्मा से लेकर बाबा मंदिर तक पूरे मेला क्षेत्र में प्रशासन और सरकार की सारी सुविधाएं चौबीस घंटे उपलब्ध रहेंगी। श्री सोरेन ने अधिकारियों को सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और विनम्रता पर जोर देने के निर्देश दिए।

*******************

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के बीस हजार जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने के निर्देश को कायम रखा है। कोर्ट ने कल इस मामले में राज्य सरकार की ओर से दायर पुनर्विचार याचिका को ख़ारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि अपने इस आदेश की समीक्षा की कोई जरूरत नहीं है। ऐसे में अब राज्य सरकार को सभी

होमगार्ड जवानों को वही वेतन–भत्ते देने होंगे, जो अन्य पुलिस कर्मियों को सामान कार्य के लिए दिए जाते हैं। झारखण्ड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए इसे न्याय की जीत बताया है।

******************

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, ईपीएफओ अपने उपभोक्ताओं को समस्याओं के समाधान के लिए संथाली समेत 23 भाषाओं में कॉल सेंटर की सुविधा प्रदान करेगा। चौबीस घंटे चलने वाला यह कॉल सेंटर हिंदी, अंग्रेजी, मैथिली, बंगाली, संस्कृत और उड़िया समेत अन्य भाषाओं में परेशानियों को हल करेगा। वर्तमान में ईपीएफओ के करीब सात करोड़ सक्रिय ग्राहक हैं। ईपीएफओ की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस कॉल सेंटर का उद्देश्य सोशल मीडिया समेत अन्य स्थानों पर आ रही शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करना है।

******************

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कल गढ़वा में लगभग चार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक पुस्तकालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस पुस्तकालय के बन जाने से यहां एक हजार विद्यार्थी एक साथ पढ़ाई कर सकेंगे। मंत्री ने कहा कि इस लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप और बेहतर इंटरनेट सुविधा भी मिलेगी।

******************

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने, स्नातक मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा–नीट पेपर लीक मामले में, तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो व्यक्ति राजस्थान के भरतपुर चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थी हैं। ये दोनों आरोपी पांच मई को आयोजित परीक्षा के दिन झारखंड के हजारीबाग में मौजूद थे। तीसरा व्यक्ति पेपर लीक सरगना को हर तरह की सहायता उपलब्ध करा रहा था।

******************

चतरा जिले में बैक टू स्कूल अभियान की सफलता के लिए जन जागरूकता पर जोर दिया जा रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

मौसम विभाग ने रांची, रामगढ़ और खूंटी समेत कोल्हान के इलाकों में कल और परसों भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है। रांची स्थित मौसम केंद्र के अनुसार, ओडिशा में बन रहे एक डिप्रेशन के कारण राज्य में मॉनसून मजबूत हो रहा है। वहीं, लातेहार, गुमला और लोहरदगा समेत आसपास के इलाकों में भी तेज बारिश की आशंका से येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, 23 जुलाई के बाद मॉनसून फिर कमजोर हो जाएगा।

******************

महिला एशिया कप ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेंट में आज श्रीलंका में भारत का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात से होगा। इस मैच में भारत की जीत उसके लिए सेमीफाइनल में जगह निश्चित कर देगी। मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर 2 बजे शुरू होगा।

******************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>**

**प्रभात खबर की हेडलाइन है**—मुख्यमंत्री आवास घेरने जा रहे पारा शिक्षकों पर लाठी चार्ज, अधिकारियों से बातचीत के बाद आंदोलन फिलहाल टाला गया।

**हिन्दुस्तान** ने नीट यूजी पेपर लीक से जुड़ी खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है। सीबीआई ने रांची स्थित रिम्स के मेडिकल विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजिका को जब्त कर लिया है। **दैनिक जागरण** और **दैनिक भास्कर** ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के रांची दौरे से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने**—झारखंड में जून और जुलाई महीने में कम बारिश होने की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

**<u>**********समाप्त***********</u>**